# शहर के विकास को 334 करोड़ का बूस्ट

## नगरपालिका परिषद की बजट बैठक में शहर विकास के कई बड़े प्रोजेक्ट को सर्वसम्मति से मिली सहमति

नवभारत न्यूज

**सीहोर, 31 मार्च. नगर पालिका परिषद की मंगलवार को हुई बजट बैठक में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 334 करोड़ 22 लाख रुपए से अधिक का महत्वाकांक्षी बजट सर्वसम्मति से पारित किया गया. इस बजट को शहर के समग्र विकास का रोडमैप बताते हुए नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने इसे भविष्य का विजन डॉक्यूमेंट करार दिया. बजट में बुनियादी सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के साथ खेल, स्वच्छता, जल प्रबंधन और शहरी सौंदर्यीकरण पर विशेष जोर दिया गया है.**




मंगलवार को नपा के सभाकक्ष में आयोजित बैठक में बजट सभापति अजय पाल सिंह राजपूत द्वारा प्रस्तुत इस बजट में कुल आय 3 अरब 34 करोड़ 22 लाख रुपए और कुल व्यय 3 अरब, 34 करोड़ 21 लाख, 20 हजार रुपए अनुमानित है, जिसमें लगभग 80 हजार रुपए की बचत का प्रावधान रखा गया है. बैठक में उपाध्यक्ष विपिन सास्ता सहित पार्षद, अधिकारी और नागरिक मौजूद रहे, जिन्होंने बजट का स्वागत करते हुए समर्थन दिया. इस बजट की खास बात यह है कि इसमें शहर के हर वार्ड के संतुलित और समावेशी विकास को प्राथमिकता दी गई है. सड़क, नाली, जल प्रदाय और स्वच्छता जैसी मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करने के लिए बड़े पैमाने पर राशि निर्धारित की गई है.

### संवरेंगे सीवन के तट, जलस्त्रोतों का होगा जीर्णोद्धार

बजट बैठक में पर्यावरण और जल संरक्षण को ध्यान में रखते हुए सीवन नदी के घाटों के निर्माण एवं सौंदर्यीकरण, हाउसिंग बोर्ड, फूटा तालाब और अन्य जल स्त्रोतों के जीर्णोद्धार के लिए 25 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है. वहीं, अमृत योजना मिशन 2.0 के तहत 38.70 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे, जिसमें जल प्रदाय योजना, सीवरेज सिस्टम और वाटर बॉडी विकास शामिल हैं.

# घाटे का बजट सर्वसम्मति से पारित

नवभारत न्यूज

**सागर, 31 मार्च. नगर निगम का वित्तीय वर्ष 2026-27 का जनहित कार्य एवं शहर विकास को समर्पित बजट महापौर श्रीमति संगीता सुशील तिवारी ने प्रस्तुत किया.**



बजट में आय 6 अरब 4 करोड, 33 लाख 75 हजार रूपये एवं व्यय 6 अरब 5 करोड़ 93 लाख 90 हजार रूपये, घाटा 1 करोड़ 60 लाख 15 हजार रूपये के बजट को प्रस्तुत करते हुये महापौर ने कहा कि घाटे की भरपायी संपत्तिकर, जलकर, दुकानों के किराये तथा व्यवसायिक काम्पलेक्स आदि से वसूली कर कर ली जावेगी. इसके साथ ही जलकर की एक वर्ष की अग्रिम राशि अप्रैल माह में जमा करने पर एक माह के जलकर की छूट प्रदान की जायेगी. इस दौरान निगमाध्यक्ष वृन्दावन अहिरवार की अध्यक्षता में, सभापति वित्त एवं लेखा मेघा दुबे, निगमायुक्त राजकुमार खत्री थे.

निगमाध्यक्ष श्री अहिरवार ने वित्तीय वर्ष 2026-27 में किये गये प्रावधानों पर सभी पार्षदों से सुझाव लिये तथा सर्वसम्मति से बजट पारित करने की स्वीकृति प्रदान की. एमआईसी सदस्य शैलेंद्र ठाकुर ने परकोटा वार्ड में जलप्रदाय व्यवस्था के स्थायी समाधान हेतु एक नई पानी की टंकी का निर्माण कराने का वित्तीय प्रबंधन सुनिश्चित करने की मांग की. इस दौरान धर्मेन्द्र खटीक, अनूप उर्मिल, डॉ. याकृति जड़िया, शिवशंकर यादव, नीलोफर अंसारी, रिचा सिंह, अशोक साहू, ताहिर खान, रूबी पटैल, अनीता रामू ठेकेदार, कंचन जड़िया, रेखा यादव, देवेंद्र अहिरवार मौजूद थे.

# जेल में बंद बेटे से मिलने को तरसी मां ने जनसुनवाई में खुद पर डाला पेट्रोल

नवभारत न्यूज

**सागर 31 मार्च. कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित जनसुनवाई में एक बेबस मां ने अपने बेटे से मुलाकात न होने और उसकी कथित प्रताड़ना से आहत होकर खुद पर पेट्रोल डाल लिया. सुरक्षाकर्मियों और अधिकारियों की तत्परता से बड़ी घटना टल गई.**



आवेदिका तस्लीम अली अपनी पीड़ा लेकर जनसुनवाई में पहुंची थीं. उनका आरोप है कि उनका पुत्र पिछले पांच वर्षों से एक मामले में केंद्रीय जेल में बंद है. महिला के अनुसार, इस प्रकरण की सुनवाई विशेष न्यायालय (हरिजन कोर्ट) सागर में पूरी हो चुकी है और 15 जनवरी 2025 को अंतिम आदेश भी पारित हो चुका है, इसके बावजूद उनका बेटा अब भी जेल में बंद है.

उन्होंने कहा कि उन्हें अपने बेटे से मिलने तक नहीं दिया जा रहा, जिससे वह लगातार मानसिक पीड़ा झेल रही हैं. तस्लीम अली ने बताया कि वह पिछले 6-7 दिनों से अपने बेटे से मिलने के लिए भटक रही हैं, लेकिन हर बार उन्हें यह कहकर लौटा दिया जाता है कि मुलाकात अप्रैल में कराई जाएगी, आवेदन में महिला ने जेल के कुछ कर्मचारियों पर गंभीर आरोप लगाए हैं. उनका कहना है कि जेल में बंदियों से अवैध वसूली की जाती है और इसके बदले सुविधाएं दी जाती हैं. उन्होंने एक जेल के कर्मचारी का नाम भी लिया, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है.

# बकाया वसूली को लेकर कलेक्टर हुए सख्त

**सीहोर.** कलेक्टर बालागुरू के. की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में टीएल बैठक आयोजित की गई. बैठक के दौरान कलेक्टरने मध्यक्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारियों को उपभोक्ताओं से बकाया राशि की वसूली को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं. उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं को समय-समय पर बकाया राशि की सूचना दी जाए, ताकि वित्तीय वर्ष के अंत में राजस्व संग्रह का अनावश्यक दबाव न बने और कुर्की जैसी स्थिति उत्पन्न न हो. कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वसूली प्रक्रिया को व्यवस्थित और प्रभावी बनाने के लिए तिमाही लक्ष्य निर्धारित किए जाएं. साथ ही तय लक्ष्यों के अनुसार नियमित रूप से वसूली की कार्रवाई की जाए.

# बाइकों की भिड़ंत में दो की मौत, तीन घायल

## नईसराय-शाढौरा रोड पर हुई भीषण भिड़ंत, थाना प्रभारी ने पहुंचाया अस्पताल

नवभारत न्यूज

**शाढ़ौरा, 31 मार्च. नईसराय थाना क्षेत्र में नईसराय-शाढ़ौरा मार्ग पर मंगलवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा सुबह करीब 9 बजे बीसौर गांव के पास हुआ, जहां दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई.**



प्राप्त जानकारी के अनुसार, कालुआखेड़ी निवासी विशाल जाटव अपने रिश्तेदार सुनील जाटव के साथ बाइक क्रमांक एमपी 09 क्यू 8207 से नईसराय की ओर जा रहे थे। वहीं बीसौर गांव के सपेरा डेरा निवासी गोविंद नाथ, राजा नाथ और बंटी नाथ दूसरी बाइक क्रमांक एमपी 67 एमसी 6298 से अपने डेरे की ओर लौट रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार के चलते दोनों बाइकों में आमने-सामने भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि विशाल जाटव की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल गोविंद नाथ ने अस्पताल ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया। हादसे में घायल अन्य तीन लोगों में से एक का इलाज नईसराय अस्पताल में भर्ती किया गया, जबकि दो घायलों को शाढ़ौरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रेफर किया गया है। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 और नईसराय थाना पुलिस मौके पर पहुंची.

# चोरी के मामले में फरार बदमाश को गिरफ्तार

**बैतूल, 31 मार्च. बोरदेही पुलिस ने चोरी के एक मामले में कार्रवाई करते हुए एक आदतन अपराधी को गिरफ्तार किया है। यह आरोपी बैतूल के गंज थाना क्षेत्र का निगरानी बदमाश है, जिसके खिलाफ पहले से 18 आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं.**

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 30 मार्च को नरेरा निवासी अभिराम कुमरे ने शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया था कि उनके सूने मकान से 20 हजार रुपये चोरी हो गए थे। इस शिकायत के आधार पर बोरदेही थाने में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। थाना प्रभारी राधेश्याम बट्टी ने एक विशेष टीम का गठन किया और आरोपी की तलाश शुरू की। मुखबिर की सूचना और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने 31 मार्च को आरोपी अमन उर्फ चमन (26) को गिरफ्तार कर लिया।

अमन चुन्नीढाना, गंज का निवासी है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी अमन के खिलाफ जिले के विभिन्न थानों में चोरी, नकबजनी, मारपीट, छेड़छाड़ और आर्म्स एक्ट सहित कुल 18 मामले दर्ज हैं। वह संपत्ति संबंधी अपराधों का आदतन अपराधी है और गंज थाने का निगरानी बदमाश भी है.

# थ्रेशर खरीदने के नाम किसान से लाखों की ठगी

## फेसबुक के प्रचार में फंसे किसान ने डाले पैसे, पैसे देने के बाद न मिली थ्रेसर, न ही मिले पैसे वापस

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर, 31 मार्च. जिले में ऑनलाइन ठगी का एक नया मामला सामने आया है, जिसमें ठग ने थ्रेसर देने की बात कहकर किसान से एक लाख रूपये खाते में डलवा लिये, लेकिन न तो उसे थ्रेसर दी गई और न ही उसे उसके पैसे वापस लौटाये गये, जिसके चलते किसान ने इसकी शिकायत पुलिस में की है।**



दरअसल ग्राम गोराकला निवासी 50 वर्षीय दुर्ग सिंह लोधी ने फेसबुक पर 1.50 लाख रुपए में थ्रेसर बेचने का एक विज्ञापन देखा था। विज्ञापन में दिए गए मोबाइल नंबर पर संपर्क करने पर आरोपी ने सौदा तय कर लिया और अग्रिम भुगतान के रूप में पैसे मांगे। आरोपी के झांसे में आकर फरियादी ने अलग-अलग तिथियों में कुल 1,00,011 रुपए विभिन्न मोबाइल नंबरों पर ट्रांसफर कर दिए। यह भुगतान 7 मार्च को 10 रुपए के परीक्षण लेनदेन के साथ शुरू हुआ, जिसके बाद 20 हजार रुपए भेजे गए। फिर 9 मार्च को 40 हजार रुपए, 11 मार्च को 20 हजार रुपए और 13 मार्च को 20,001 रुपए आरोपी के खातों में जमा कराए गए। इसके बाद आरोपी ने बहाना बनाया कि थ्रेसर लेकर आने वाली गाड़ी राजस्थान के धौलपुर में फंसी है और अतिरिक्त पैसों की मांग की। जिसके बाद शक होने पर फरियादी ने आगे पैसे देने से इनकार कर दिया और थ्रेसर भेजने को कहा।

हालांकि आरोपी ने न तो थ्रेसर भेजी और न ही पैसे लौटाए। इसके बाद पीड़ित ने 28 मार्च को 1930 साइबर हेल्पलाइन पर अपनी शिकायत दर्ज कराई। जिसके बाद चंदेरी पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात मोबाइल नंबर धारकों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता ब्ह्रस् की धारा 318(4), 319(2) और 308 के तहत मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है.

# अंधेरे में बूढ़ाखेड़ा की हरिजन बस्ती, 3 महीने से बिजली गुल



### अधिकारी बोले- बच्चों को पढ़ाने की जरुरत नहीं

**गुना, 31 मार्च. विकास के दावों के बीच गुना जिले की आरोन तहसील से एक शर्मनाक मामला सामने आया है। ग्राम बूढ़ाखेड़ा की हरिजन बस्ती पिछले तीन महीनों से पूरी तरह अंधेरे में डूबी हुई है। बिजली न होने से न केवल बच्चों की पढ़ाई ठप है, बल्कि पानी की बूंद-बूंद के लिए ग्रामीण तरस रहे हैं। मंगलवार को आक्रोशित ग्रामीण कलेक्ट्रेट पहुंचे और जनसुनवाई में कलेक्टर को आवेदन सौंपकर न्याय की गुहार लगाई।**

ग्रामीणों ने बिजली कंपनी के अधिकारियों पर अत्यंत गंभीर और संवेदनहीन व्यवहार का आरोप लगाया है। रहवासियों के अनुसार, जब वे शिकायत लेकर बिजली दफ्तर पहुंचे, तो वहां मौजूद अधिकारियों ने समाधान करने के बजाय अभद्र टिप्पणी की। ग्रामीणों का आरोप है कि अधिकारियों ने कहा-कहीं से भी पानी भर लो और बच्चों को पढ़ाने की कोई आवश्यकता नहीं है, लाइट नहीं आ रही है तो न आने दो। सरकारी तंत्र की इस बेरुखी ने ग्रामीणों के जख्मों पर नमक छिड़कने का काम किया है। बस्ती के करीब 20 घरों में पिछले 90 दिनों से बिजली का एक बल्ब तक नहीं जला है.

पिछले 3 सालों से यहां नल-जल योजना के जरिए पानी की सप्लाई नहीं हुई है, जिसके कारण महिलाएं और बुजुर्ग भीषण गर्मी में हैंडपंप से पानी ढोने को मजबूर हैं। बिजली न होने का सबसे बुरा असर नौनिहालों पर पड़ रहा है। वर्तमान में कई बच्चे बीमारी की चपेट में हैं, जिन्हें उमस और गर्मी के कारण काफी परेशानी हो रही है। वहीं, परीक्षाएं और पढ़ाई का समय होने के बावजूद बच्चे दीये या मोमबत्ती की रोशनी में बैठने को मजबूर हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द ही ट्रांसफार्मर नहीं लगाया गया, तो बच्चों का भविष्य अंधकारमय हो जाएगा। मंगलवार को जनसुनवाई में पहुंचे ग्रामीणों ने कलेक्टर से मांग की है कि बिजली कंपनी के लापरवाह अधिकारियों पर कार्रवाई की जाए और तत्काल नया ट्रांसफार्मर लगवाकर बिजली सप्लाई बहाल की जाए.

# मजना चौकी पुलिस ने अवैध शराब पर की कार्रवाई

**मोटरसाइकिल से आरोपी ले जा रहे थे अवैध शराब**

**पुलिस ने दो आरोपियों को मौके से किया गिरफ्तार**

**टीकमगढ़, 31 मार्च. नशे पर अंकुश लगाने एवं अवैध गतिविधियों की रोकथाम हेतु पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है.**



इस अभियान के तहत सभी थाना प्रभारियों को मुखबिर तंत्र को मजबूत करते हुए अवैध गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं इसी को लेकर देहात थाना अंतर्गत आने वाली मजना चोकी पुलिस ने अवैध शराब जब्त करने की कार्यवाही को अंजाम दिया।

इसी क्रम में थाना देहात अंतर्गत चौकी मजना क्षेत्र में मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि दो व्यक्ति मोटरसाइकिल से अवैध शराब लेकर कस्बा मजना से बनपूरा की ओर जा रहे हैं। सूचना की पुष्टि हेतु चौकी प्रभारी मजना उप निरीक्षक वीणा विश्वकर्मा ने पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की। पुलिस टीम ने बताए गए स्थान पर संदिग्ध मोटरसाइकिल को रोकने का प्रयास किया, लेकिन आरोपी भागने लगे। तत्पश्चात पुलिस द्वारा घेराबंदी कर दोनों व्यक्तियों को पकड़ लिया गया। जांच के दौरान मोटरसाइकिल पर रखी बोरी में 320 क्वार्टर प्लेन देशी मदिरा बरामद हुई.

आरोपियों से शराब परिवहन के संबंध में वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा गया, लेकिन वे कोई दस्तावेज नहीं दिखा सके। पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम यादवेंद्र सिंह ठाकुर एवं रामसिंह ठाकुर, निवासी बनपूरा बताए। दोनों के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत मामला पंजीबद्ध कर विधिवत गिरफ्तार किया गया.

# जनसुनवाई में जमीन से जुड़ी शिकायतें लेकर पहुंचे आवेदक



**अशोकनगर, 31 मार्च.** जिले में जमीन से जुड़ी शिकायतों का निराकरण नहीं हो पा रहा है, जिसके कारण लोग अपनी समस्याएं लेकर कलेक्टर के दरबार में पहुंच रहे है, लेकिन बार बार शिकायते और मिन्नते करने के बाद भी उन्हें न्याय नहीं मिल पा रहा है. जिसकी बजह से वह न्याय की आस में आसमान की ओर देखकर भगवान को याद करते हुए नजर आते है। ऐसे ही कई जमीन से जुड़े मामले में मंगलवार को आयोजित सुनवाई में आए, जिसमें ग्रामीण से लेकर शहरी आवेदकों ने शासकीय भूमि पर अतिक्रमण सहित निजी भूमि पर अन्य व्यक्तियों को कब्जा बताते हुए उन्हें उनकी जमीन दिलाने निवेदन किया.

**आरोप** | **खरगापुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम भेलसी का मामला**

# राशन दुकानदार पर पर्ची देने के नाम पर पैसे मांगने का आरोप

**खरगापुर, 31 मार्च. खरगापुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायतों से संचालित राशन की दुकानों पर इन दिनों लोगों कों राशन ना मिलने की शिकायते सामने आ रही है। यहा तक की ग्रामीणों का आरोप है कि राशन के लिए दी जाने वाली पात्रता पर्ची के एवज में दुकानदार द्वारा पैसों की मांग की जाती है।** तब कहीं जाकर लोगों को पर्ची के बाद राशन मिल पाता है। ऐसा ही एक मामला ग्राम पंचायत भेलसी की धूमगढ़ ईंधन आपूर्ति सहकारी समिति मर्यादित बल्देवगढ़ की शासकीय उचित मूल्य की दुकान का सामने आया है यहां दुकानदार द्वारा लोगों के साथ दिनदहाड़े खिलबाड़ किया जा रहा है।




जानकारी के अनुसार ग्राम भेलसी में राशन लेने वाले गरीब और लाचार महिला व पुरुषों से एक पर्ची पर 20 से 80 रुपए तक की अवैध रूप से वसूली की जा रही है। अगर इसका गुणा भाग किया जाए तो ग्राम पंचायत भेलसी में लगभग दो हज़ार हितग्राही है। जिनसे 20, 40 एवं 80 की अवैध वसूली पीडीएस की दुकान के सेल्समेन द्वारा वसूली जा रही है। बताया गया है कि जनवरी-फरवरी माह की पर्ची काट दी गई है लेकिन गेहूं चावल नहीं दिया जा रहा है जब हितग्राही पर्ची लेकर दुकान पर पहुंचते हैं तो हितग्राहियों को दुकान से अपशब्द बोलकर भगा दिया जाता है। हितग्राहियों की माने तो हर माह लगभग वीस हजार रुपए गरीब जनता से वसूले जा रहे हैं वहीं मोदी सरकार का कहना है कि हर गरीब को फ्री में राशन देने का काम कर रहे हैं। लेकिन ग्रामीण स्तर पर इस पर अवैध वसूली की जा रही है। जब दुकान पर हमारे संवाददाता ने जनता और सेल्समेन के सामने वीडियो रिकॉर्ड किया तो पार्वती, रजनी अहिरवार काशीबाई सेन, प्रेम लाल यादव एवं समस्त हितग्राहियों सहित जनता द्वारा स्पष्ट रूप से बताया गया.

### जांच के बाद कार्यवाही का दिया आश्वासन

जब इस संबंध में खाद्य अधिकारी सपना सेन से बात की तो उन्होंने बताया कि हम इसकी जांच करवाते है। जांच में जो भी दोषी पाया जाएगा उस पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। अब देखना होगा कि कार्रवाई होती है या नहीं। वैसे कहा जाए तो यह मामला केवल भेलसी की दुकान का नहीं है खरगापुर की सभी दुकानों में यही धांधली मची हुई है।

# खेड़ापति हनुमान मंदिर में गूंजेगा संकीर्तन

**भैरुंदा 31 मार्च.** नगर सहित संपूर्ण क्षेत्र में 02 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव पर्व हर्षोल्लास और भक्तिभाव के साथ मनाया जाएगा. जन्मोत्सव को लेकर क्षेत्र के सभी मंदिरों में विशेष तैयारियां अंतिम चरण में हैं. नगर के प्राचीन एवं सुप्रसिद्ध खेड़ापति हनुमान मंदिर में इस वर्ष भव्य आयोजन की रूपरेखा तैयार की गई है. जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के जुटने की संभावना है. पुजारी प्रकाश तिवारी ने बताया कि हनुमानर का आलौकिक और भव्य श्रृंगार किया जाएगा. इस दौरान मंदिर परिसर को आकर्षक रोशनी और फूलों से सजाया जा रहा है. आयोजन की शुरुआत शाम 5.30 बजे से होगी. जिसमें सीताराम संकीर्तन का आयोजन किया जाएगा.

# आवेदनों के निराकरण में कोताही न बरतें अधिकारी : कलेक्टर



**बैतूल, 31 मार्च. बैतूल कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में प्रातः 11 बजे से आयोजित जनसुनवाई में नागरिकों की समस्याएं ध्यान पूर्वक सुनीं.**

कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने कई प्रकरणों में संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर मौके पर ही निराकरण कराया, वहीं शेष मामलों में समय-सीमा तय करते हुए अधिकारियों को शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजन से जुड़े प्रकरणों का पूरी निष्पक्षता से समाधान किया जाएं.